मनमानी ▶ शासन के आदेश व निर्देशों का नहीं किया जा रहा पालन, कलेक्टर से की गई शिकायत

# आवासीय क्षेत्र में हो रही पटाखों की बिक्री

**कोतमा नवभारत 13 अक्टूबर।** कोतमा क्षेत्र अंतर्गत दीपावली में पटाखे की दुकान लगाने वाले समस्त फुटकर दुकानदारों ने अनूपपुर जिले के कलेक्टर को आवासीय क्षेत्र वार्ड 7 कोतमा मुर्गी बाजार में पटाखा भण्डारण एवं दुकान संचालन करने वाले मैनुद्दीन के खिलाफ शिकायत पत्र सौपा है।

उन्होंने शिकायत पत्र में लिखा की फुटकर विक्रेता पटाखा व्यवसायी कोतमा में जिला दण्डाधिकारी के आदेश एवं निर्देशानुसार पटाखा का फुटकर व्यवसाय शासन द्वारा चयनित क्षेत्र में करते चले आ रहे है, वहीं दूसरी तरफ नगर पालिका क्षेत्र कोतमा के अंतर्गत वार्ड क्र. 7 रेलवे कॉलोनी में अब्दुल रहीम एडवोकेट के निजी मकान में



आबादी क्षेत्र में मैनुद्दीन द्वारा विधि विरुद्ध तरीके से शासन के आदेश एवं निर्देशों का पालन नहीं करते हुये चयनित स्थल के अतिरिक्त पटाखा और आतिशबाजी एवं अन्य विस्फोटक सामग्री का विक्रय खुलेआम किया जा रहा है।

## चोरी-छिपे दिया गया लायसेंस

शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किया गया है कि आबादी क्षेत्र में विस्फोटक सामग्री का विक्रय करना पूर्णत: प्रतिबन्धित है, फिर भी जिला दण्डाधिकारी द्वारा नियमों को ताक में रखकर आबादी क्षेत्र में खुलेआम पटाखा विक्रय किये जाने का लायसेंस चोरी-छिपे मैनुद्दीन को प्रदान किया जाता है, जो कि विधि एवं प्रक्रिया के विरूद्ध है। उक्त पटाखा व्यवसायी मैनुद्दीन के लायसेंस का नवीनीकरण किया जाना उचित नहीं है।

## अधिकारियों को मुफ्त में पटाखे देने की चर्चा

आवासीय क्षेत्र में लगातार पटाखे का भंडारण और विक्रय किया जाना और उस पर कोई कार्यवाही नहीं होने से आम जनता में इस बात की चर्चा है कि प्रतिवर्ष उक्त दुकानदार अनूपपुर जिले के सभी सक्षम अधिकारियों को मुफ्त में पटाखे भिजवाता है, जिसके कारण बड़े-बड़े अधिकारियों की गाड़ी मुर्गी बाजार स्थित दुकान के सामने खड़ी होती है और वह वहां से पटाखा फ्री में लेते हैं। इसलिए उस पटाखा दुकानदार को आवासीय क्षेत्र में भी भंडारण करने पर कोई भी अधिकारी कार्यवाही नहीं करता, इसके बदले चाहे कोई बड़ी जनहानि ही क्यों न हो जाये।

# कोदो-कुटकी के उपार्जन हेतु बने 16 पंजीयन केंद्र

**अनूपपुर, नवभारत ।** खरीफ वर्ष 2025 में जिले में कोदो-कुटकी के उपार्जन कार्य के लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। कलेक्टर हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन में किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया 10 अक्टूबर से आरंभ हो चुकी है। उपार्जन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए जिले में कुल 16 पंजीयन केंद्र स्थापित किए गए हैं। पुष्पराजगढ़ विकासखंड में सेवा सहकारी समिति राजेन्द्रग्राम, भेजरी, दमेहड़ी, बेनीबारी, लीलाटोला तथा करपा को पंजीयन केंद्र बनाया गया है। जैतहरी विकासखंड में सेवा सहकारी समिति जैतहरी, आदिम जाति सेवा सहकारी समितियाँ पटनाकला, धनगवां, मझगवां (फुनगा), वेंकटनगर, सेवा सहकारी समिति अनूपपुर तथा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति दुलहरा को पंजीयन केंद्र के रूप में चयनित किया गया है। कोतमा विकासखंड में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कोठी एवं बिजुरी, जबकि अनूपपुर विकासखंड में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मलगा को पंजीयन केंद्र बनाया गया है।



# जमुना-कोतमा खदानों में काम पूरी तरह बंद

**बोनस और पीएफ नहीं मिलने से नाराज ठेका मज़दूरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल**

**अनूपपुर/कोतमा, नवभारत 13 अक्टूबर।** कोल इंडिया की सहायक कंपनी एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र की 9/10 नंबर खदान में ठेका मज़दूरों ने बोनस और भविष्य निधि (पीएफ) नहीं मिलने के विरोध में सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। मजदूरों ने खदानों में कार्य पूरी तरह से बंद कर दिया है, जिससे उत्पादन पर असर पड़ने लगा है।

मजदूरों का कहना है कि उन्हें लंबे समय से बोनस और पीएफ का भुगतान नहीं किया गया है। कई बार प्रबंधन को ज्ञापन देने के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया। इसके चलते मजदूर अब आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं।

## प्रबंधन को दिया एक सप्ताह का अल्टीमेटम

मजदूरों ने प्रबंधन को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है। उनका कहना है कि जब तक हक़ नहीं मिलेगा, तब तक काम नहीं होगा। यदि सात दिनों के भीतर उनकी मांगे पूरी नहीं की गईं, तो मजदूरों ने चेतावनी दी है कि उत्पादन पूरी तरह ठप हो जाएगा।

जमुना-कोतमा क्षेत्र की इन खदानों में सैकड़ों ठेका मज़दूर कार्यरत हैं, जिन पर कोयला उत्पादन की मुख्य जिम्मेदारी रहती है। हड़ताल के चलते कोयला आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।

**स्थानीय श्रमिक संगठनों ने भी किया समर्थन**

स्थानीय श्रमिक संगठनों ने भी मजदूरों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा है कि श्रमिकों को उनका हक़ मिलना चाहिए। उन्होंने प्रबंधन से जल्द समाधान निकालने की अपील की है, ताकि स्थिति सामान्य हो सके और उत्पादन फिर से शुरू किया जा सके।

**एक नजर में**

## 2391 पशुपालकों को दी गई समझाइश

**अनूपपुर, नवभारत 13 अक्टूबर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन में अनूपपुर जिले में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा 2 से 9 अक्टूबर तक दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान संचालित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य जिले के पशुपालकों को पशुपालन से समृद्धि के मूल तत्वों की जानकारी देना और उन्हें डेयरी विकास से जोड़ना रहा। अभियान के दौरान विभागीय अधिकारी एवं मैत्री कार्यकर्ताओं की टीमों ने जिले के प्रत्येक ग्राम में घर-घर जाकर ऐसे पशुपालकों से संपर्क स्थापित किया जिनके पास 10 या अधिक मादा गाय या भैंस हैं। उन्हें पशुपालन से समृद्धि के तीन आधार पशु प्रजनन, पशु पोषण और पशु स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से समझाइश दी गई। साथ ही संबंधित विषयों पर तैयार तीन शैक्षिक रील्स के माध्यम से भी जागरूक किया गया।

**पशुपालकों से किया संवाद**

अभियान के अंतर्गत 440 ग्रामों में 2391 पशुपालकों से मुलाकात कर ऐप के माध्यम से जानकारी दर्ज की गई। अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय सहित विभागीय अधिकारियों ने भी विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया। राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी कार्यपालिक संचालक डॉ. राजू रावत, जिला नोडल अधिकारी डॉ. लोकेश कुमार मोहबे एवं संयुक्त संचालक संभाग रीवा डॉ. डीएस बघेल ने भी अभियान के तहत ग्रामों का भ्रमण कर पशुपालकों से संवाद किया और सत्यापन कार्य किया। अभियान के दौरान पशुपालकों को डेयरी विकास योजनाओं, किसान क्रेडिट कार्ड योजना तथा अन्य सरकारी लाभों की जानकारी दी गई।

## हरद में चिरमिरी-रीवा ट्रेन के ठहराव की मांग

**अनूपपुर नवभारत 13 अक्टूबर।** हरद रेलवे स्टेशन में चिरमिरी-रीवा और रीवा-चिरमिरी पैसेंजर ट्रेन के ठहराव को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। वर्षों से इस ट्रेन का ठहराव हरद स्टेशन में होता आ रहा था, लेकिन कोरोना काल के बाद




जब ट्रेनें दोबारा शुरू हुईं तो इस स्टेशन का नाम ठहराव सूची से हटा दिया गया। इस फैसले से हरद क्षेत्र, जमुना, लतार, छोहरी, देखल और आसपास के ग्रामीण अंचलों के यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह ट्रेन इस क्षेत्र के लिए जीवनरेखा के समान थी।विद्यार्थी, नौकरीपेशा लोग, व्यापारी और आम यात्री रोजाना इस ट्रेन से रीवा, शहडोल, अनूपपुर और कटनी तक की यात्रा करते थे, लेकिन अब जब ठहराव बंद हो गया है तो उन्हें मजबूरन कोतमा या अनूपपुर स्टेशन तक निजी वाहनों या ऑटो से जाना पड़ता है, जिससे अतिरिक्त खर्च और समय दोनों की बर्बादी हो रही है। यात्रियों ने बताया कि रेलवे द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना या जनसुनवाई के इस स्टेशन से ठहराव हटाया गया। इससे ग्रामीणों में यह सवाल उठ रहा है कि आखिर कौन-से कारणों से इस निर्णय को लिया गया। यात्रियों का कहना है कि रेलवे को हर स्टेशन की उपयोगिता को देखकर निर्णय लेना चाहिए। हरद क्षेत्र से रोजाना सैकड़ों लोग इस ट्रेन का उपयोग करते थे।

# गौशाला ग्रेवल रोड बनी राहगीरों के लिए मुसीबत




**▶ लाखों की लागत से बनी थी सड़क, मार्ग जगह-जगह उखड़ गया है**

अनूपपुर, नवभारत । जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत भाद में गौशाला तक पहुंचने वाली ग्रेवल रोड का निर्माण करीब 13 लाख रुपए की लागत से किया गया था। ग्रामीणों की उम्मीद थी कि सड़क बन जाने से आवागमन सुगम होगा, लेकिन निर्माण के कुछ ही महीनों में यह सड़क खस्ताहाल और चलने लायक नहीं रही।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के दौरान जेएसबी (डस्ट) नहीं डाली गई, जिससे मार्ग जगह-जगह से उखड़ गया है। बारिश के दिनों में यह सड़क कीचड़ और गड्ढों से भर जाती है, जिसके कारण पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। ट्रैक्टर और दोपहिया वाहन फिसलने से कई लोग घायल भी हो चुके हैं।

## इस मार्ग पर बने पुल की हालत भी जर्जर

इसी मार्ग पर बने पुल की स्थिति भी चिंताजनक है। पुल की सतह और किनारों पर गहरी दरारें पड़ गई हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की गई थी। ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों ने औपचारिकता निभाकर काम पूरा कर दिया, जिसका नतीजा अब ग्रामीण भुगत रहे हैं।

## कई खेतों और बस्तियों को जोड़ता है मार्ग

स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह मार्ग गौशाला सहित कई खेतों और बस्तियों को जोड़ता है। खराब सड़क और पुल के कारण पशुचिकित्सा, दूध संग्रहण और कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क और पुल की तकनीकी जांच कराई जाए और दोषी ठेकेदार व अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही, जल्द से जल्द सड़क पर जेएसबी डालने और पुल की मरम्मत का कार्य प्रारंभ किया जाए ताकि आवागमन सुरक्षित और सुचारू रूप से हो सके।




# भिलाई ने इंदौर को 4-2 से दी शिकस्त

**अनूपपुर, नवभारत 13 अक्टूबर।** जिले के पुष्पराजगढ़ जनपद के ग्राम अमगंवा स्टेडियम में सोमवार को शुरू हुए जगत गुरु माऊली सरकार फुटबॉल टूर्नामेंट चैंपियन ट्रॉफी-2025 के पहले दिन रोमांचक मुकाबले हुए। पहले मैच में भिलाई की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए इंदौर को 4-2 से पराजित किया। मैच में पहले हाफ में भिलाई ने 2 गोल की बढ़त बनाई, लेकिन इंदौर ने दूसरे हाफ में वापसी करते हुए स्कोर 2-2 कर दिया। अंतिम मिनटों में भिलाई के दो तेज़ गोलों ने टीम को जीत दिलाई। दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन तालियों और जयकारों से किया।

## विजेता टीम होगी नकद राशि से पुरस्कृत

दूसरे मैच में कोरबा की टीम ने पुष्पराजगढ़ को हराकर प्रतियोगिता में अपनी मजबूती साबित की। टूर्नामेंट में कोरबा, पुष्पराजगढ़, रतलाम और बिलासपुर जैसी टीमें हिस्सा ले रही हैं। विजेता टीम को 51,000 और उपविजेता को 25,000 की नगद राशि प्रदान की जाएगी। टूर्नामेंट के आयोजन स्थल पर भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम सहित पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# मैनेजर व कैशियर पर धोखाधड़ी का आरोप

**▶ सेंट्रल बैंक लालपुर का मामला, थाना अमरकंटक में प्रकरण दर्ज**

**अमरकंटक, नवभारत 13 अक्टूबर।** अमरकंटक से लगभग 24-25 किमी दूर आईजीएनटीयू कैंपस के पास संचालित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया लालपुर के मैनेजर और कैशियर पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आवेदक कमल किशोर साहू ने थाने में लिखित शिकायत देकर बताया कि उनके खाता क्रमांक 3511546795 से 18 जनवरी 2020 को बैंक मैनेजर और कैशियर ने बिना उनके हस्ताक्षर के 800 निकाल लिए। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने बैंक स्टेटमेंट और आरटीआई के माध्यम से विड्रॉल फॉर्म की छायाप्रति प्राप्त की तो यह स्पष्ट हुआ कि उनके हस्ताक्षर नहीं थे। आवेदक का कहना है कि बैंक के अधिकारी सरकारी पद का दुरुपयोग करते हुए स्वयं के लाभ के लिए इस प्रकार की धोखाधड़ी में शामिल हैं।

## सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई में नहीं मिला न्याय

उन्होंने इसके लिए थाना अमरकंटक में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई है। कमल किशोर साहू ने बताया कि इस मामले में न्याय की तलाश में वे एसडीओपी पुष्पराजगढ़, पुलिस अधीक्षक कार्यालय अनूपपुर, सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई सहित कई जगह लगातार गए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि आज पांच वर्ष आठ माह बाद दस्तावेजों के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई गई और जांच की प्रक्रिया में आगे की कार्रवाई का भरोसा दिया गया है।

# पशु क्रूरता करने वालों पर मामला दर्ज

**जैतहरी पुलिस ने किया वाहन जब्त**

**अनूपपुर, नवभारत 13 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकट्टा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी जैतहरी निरीक्षक अमर वर्मा के नेतृत्व में थाना जैतहरी पुलिस ने पशु क्रूरता के मामले में एक बड़ी कार्रवाई की है।

13 अक्टूबर को रात्रि गश्त के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि छत्तीसगढ़ के वरघाट की ओर से एक पिकअप वाहन में मवेशियों को अवैध रूप से लादकर ग्राम खालबहरा की ओर लाया जा रहा है। सूचना पर



तत्काल पुलिस दल द्वारा घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की गई। पुलिस वाहन को देखकर चालक ने पिकअप वाहन को तेजी से रिवर्स करते हुए खालबहरा आंगनबाड़ी के पास दीवार किनारे सटा दिया और अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

**जानवरों को सांस लेने में हो रही थी दिक्कत**

पुलिस टीम द्वारा वाहन की जांच करने पर एक बोलेरो पिकअप में क्षमता से अधिक 7 मवेशी ठूंसे हुए हालत में बंधे हुए थे। जानवरों के सिंग और पैरों को रस्सियों से कसकर बांधा गया था, जिससे उन्हें हिलने-डुलने या सांस लेने में कठिनाई हो रही थी। यह कृत्य पशु क्रूरता निवारण अधिनियमके तहत अपराध की श्रेणी में पाया गया। पुलिस ने मौके से मवेशियों सहित बोलेरो पिकअप वाहन को जब्त करते हुए अज्ञात चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।




# रेत के अवैध परिवहन पर ट्रैक्टर जब्त

**▶ पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार**

**अनूपपुर, नवभारत 13 अक्टूबर।** थाना जैतहरी पुलिस ने अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार 13 अक्टूबर को थाना जैतहरी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रैक्टर तिपान नदी से रेत भरकर अवैध रूप से परिवहन कर रहा है। सूचना पर तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की। इस दौरान खोली फाटक नदी मार्ग पर बिना नंबर की ट्रैक्टर पकड़ा गया, जिसकी ट्रॉली में लगभग 3 घन मीटर रेत भरी हुई थी। ट्रैक्टर चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम विकास सिंह राठौर निवासी सिवनी बताया।

## कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए

आरोपी के पास रेत के परिवहन संबंधी कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए जाने पर पुलिस ने ट्रैक्टर सहित अवैध रेत को विधिवत जब्त कर लिया। मामले में चालक विकास सिंह राठौर एवं वाहन स्वामी लक्ष्मण राठौर के विरुद्ध खान एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई है।

बैठक ▶ कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा की, नगरीय क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर करने के दिए निर्देश

# विद्यार्थियों को सुविधाओं का लाभ दिलाना प्राथमिकता : पंचोली




**अनूपपुर, नवभारत।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि जिले के सभी अध्ययनरत विद्यार्थियों को शासन की सुविधाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिलाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी एक माह के भीतर विशेष अभियान चलाकर जिले के सभी छात्रावास एवं आश्रमों की व्यवस्थाओं को बेहतर से बेहतर बनाया जाए।

कलेक्टर सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों को छात्रावासों एवं आश्रमों के निरीक्षण की जिम्मेदारी दी गई है, वे निरीक्षण के दौरान सभी कमियों को परख एप में अपलोड करें तथा जानकारी दूरभाष के माध्यम से सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग को भी उपलब्ध कराएं।

## खाद्यान्न आवंटन की जानकारी चस्पा करें

कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि छात्रावास एवं आश्रमों में प्राप्त खाद्यान्न आवंटन की जानकारी संबंधित संस्थाओं के बाहर स्पष्ट रूप से चस्पा की जाए। उन्होंने कहा कि इससे खाद्यान्न वितरण में पारदर्शिता बनी रहेगी और छात्रावासों में मिलने वाले राशन की जानकारी आमजन को भी सुलभ होगी। श्री पंचोली ने दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए सभी छात्रावासों में रंगाई-पुताई कराने और जहां मरम्मत की आवश्यकता है, वहां तत्काल कार्रवाई कर जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

## विभागों की प्रगति समीक्षा की गई

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। बैठक में एक बगिया मां के नाम अभियान, नर्मदा परिक्रमा पथ पर पौधरोपण, सीएम हेल्पलाइन प्रकरण, ई-अटेंडेंस, ई-ऑफिस, कृषि, स्वास्थ्य, उद्यानिकी, उद्योग, खाद्य एवं सहकारिता सहित विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्चना कुमारी, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय, एसडीएम पुष्पराजगढ़ वसीम अहमद भट, एसडीएम कोतमा अजीत तिर्की सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।